हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 12 जून 2024

11 समाधान शिविर के दूसरे दिन समस्याएं लेकर पहुंचे 60 लोग


12 बाढ़ से बचने के लिए ड्रेनों की सफाई में जुटा सिंचाई विभाग




## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को बधाई देते नीना व सतपाल राठी। फोटो : हरिभूमि

### नीना-सतपाल ने दी खट्टर को बधाई

**बहादुरगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. नीना राठी व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राठी ने पूर्व सीएम मनोहर लाल के मोदी कैबिनेट में ऊर्जा व शहरी निकाय मंत्री बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने तीसरे कार्यकाल में हरियाणा से मनोहर लाल, राव इंद्रजीत सिंह व कृष्णपाल गुर्जर को मंत्री बनाने पर पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया। नीना सतपाल राठी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते 10 साल के कार्यकाल में हर वर्ग की भलाई के लिए प्रधान सेवक के रूप में काम किया है। उनका तीसरा कार्यकाल देश के लिए स्वर्णिम काल होगा। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने बतौर सीएम हरियाणा में सुशासन कायम किया। अब केबिनेट मंत्री के रूप में वे देश के विकास में योगदान देंगे।

### बस स्टैंड परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**झज्जर।** मांगावास से बस स्टैंड पर हैप्पी कार्ड लेने आए एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में विकास पुत्र सूरजमल ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर मोटरसाइकिल से झज्जर आया था। वह अपनी मोटरसाइकिल को बस स्टैंड परिसर में खड़ी करके हैप्पी कार्ड लेने चला गया। थोड़ी देर बाद जब वह वापिस लौटा तो उसे अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर भी पता किया लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार मोटरसाइकिल की तलाश शुरू कर दी है।

### संजीवनी में रक्तदान शिविर 14 को

**बहादुरगढ़।** शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस उपलक्ष्य में 14 जून को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर श्री रामानंद महाराज समपाला धाम खेडका गुज्जर को आमंत्रित किया गया है, जबकि इसकी अध्यक्षता अस्पताल के निदेशक डा. मनीष शर्मा करेंगे। शुक्रवार सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग रहेगा।

### निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्या, बीमारियां फैलने की आशंका

# नाले का अधूरा निर्माण और जलभराव बना बड़ी परेशानी



बहादुरगढ़। एसडीएम को समस्या से अवगत कराते सैनीपुरा वासी तथा रजबाहे तक बनाया गया नाला। फोटो : हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सैनीपुरा में नाले का अधूरा निर्माण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। हालात ये हैं कि निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है। बीमारियां फैलने की आशंका है। लोग कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा। अब स्थानीय निवासियों ने एसडीएम परमजीत चहल से मुलाकात कर उन्हें समस्या से अवगत कराया और नाला निर्माण पूरा कराने की मांग उठाई। लोगों का कहना है कि सैनीपुरा में जलभराव की समस्या काफी पुरानी है। दरअसल, यहां पुराना नाला ब्लाक है। जिस कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। महीनों तक यहां गंदा पानी भरा रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद की ओर से यहां नाला निर्माण शुरू कराया गया। नाले का कुछ हिस्सा बना ही था कि हशविप्रा की ओर से काम रुकवा दिया गया।

इस बात को लगभग डेढ़ महीना बीत गया है लेकिन नाला निर्माण अधर में लटका है। बरसाती सीजन सिर पर है। यहां बरसात में हर बार जलभराव हो जाता है। यदि इस बार बरसाती सीजन से पहले नाला निर्माण नहीं होता है तो दिक्कतें बढ़ जाएंगी। इसलिए लोग लगातार नगर परिषद के अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। न तो नाले का काम पूरा हो रहा है और न ही गंदे पानी को निकाला जा रहा। लोग बहुत परेशान हैं। इस समस्या का समाधान कराया जाए। खेमचंद, धर्मबीर, भीम सिंह, विजय, दीपक, पंकज, मनोज, रवींद्र, महिपाल आदि ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

#### नाले को रजबाहे में छोड़ने पर आपत्ति जताई

**बहादुरगढ़।** सांखोल के सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामवासियों ने एसडीएम आफिस में आयोजित समाधान शिविर में दिल्ली-रोहतक रोड पर बने नाले को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जाखोदा से सांखोल के बराही रोड तक नाला बनाया गया है। यह नाला बराही रोड स्थित गांव के रजबाहे तक बनाकर छोड़ दिया गया है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार के द्वारा बताया गया कि हमारे गांव के दो तालाबों में पानी इस रजबाहे के द्वारा ही भरा जाता है। इन दोनों तालाबों पर गांव के काफी मवेशी निर्भर हैं और एक तालाब में तो मत्स्य पालन भी हो रहा है। ऐसे में अगर नाले का गंदा पानी इस रजबाहे में जाएगा तो हमारे गांव के तालाब गंदे पानी से भर जाएंगे और उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा पशुओं में बीमारी फैलने का भी खतरा है। गांव की संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के प्रधान संजय कलसन इस नाले को विभाग के द्वारा बराही रोड के साथ-साथ आगे वेस्ट जुआं ड्रेन तक बनाया जाना चाहिए ताकि गंदा पानी सीधा नाले में गिर सके। सभी ग्रामवासी यही चाहते हैं कि नाले को रजबाहे तक न छोड़ कर सीधा वेस्ट जुआं ड्रेन तक बनाया जाए।



बहादुरगढ़। सीवरेज समस्या पर नाराजगी जताते कॉलोनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

## रामनगर में सीवरेज की समस्या से लोग परेशान

**बहादुरगढ़।** वार्ड-17 के राम नगर की गली नंबर 1 व 3 में सीवरेज समस्या गहराई हुई है। गंदगी तो फैली है ही, लोगों के घरों में भी सीवरेज युक्त गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इससे लोग बहुत परेशान हैं। बीमारियां फैलने का खतरा है। समस्या का समाधान न होने से लोगों में रोष पनपा हुआ है। यहां के निवासी रामानंद सैनी, ब्रह्मदत्त, महेंद्र, कृष्ण, पंकज कौशिक, पुनीत, सुरेन्द्र, आकाश, प्रहलाद, बलबीर, राजेन्द्र, कमला, बबली, सुदेश, गीता, रेनू, मीनू, गीता आदि का कहना है कि सीवर ब्लॉक हैं। उनमें से गंदगी निकलकर गली में फैली रहती है। दुर्गंध ने भी सांस लेना दुश्वार कर दिया है। बच्चे गलियों में खेल नहीं सकते और आवागमन भी बाधित रहता है। बारिश होने पर हालात गंभीर हो जाते हैं। जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए।

### अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के 62 अधूरे आवेदनों को जल्द पूरा कराएं अभ्यार्थी

**झज्जर।** जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने बताया कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। लेकिन जांच उपरांत 62 आवेदन अधूरे पाए गए हैं,जिसके लिए लाभार्थी जल्द दस्तावेज लगाकर पूरा कराएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

## निर्माणाधीन शिव मंदिर में दिया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

समाजसेवी दिनेश कौशिक ने गांव लोवा कलां के निर्माणाधीन शिव मंदिर के लिए प्रबंधक कमेटी को 51 हजार रुपए का सहयोग दिया। शिव मंदिर कमेटी के सदस्य फूल सिंह, दीपक, जोगीराम, रमेश, अजय, मनोज, प्रवीन व दिनेश आदि ने इसके लिए दिनेश कौशिक का धन्यवाद किया। कौशिक ने कहा कि दान से बड़ा कोई धर्म पुण्य नहीं है। दान करने से परमपिता परमात्मा प्रसन्न होते हैं और हमारे जीवन में सुख शांति देते हैं। इसलिए ऐसे नेक क्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।



बहादुरगढ़। मंदिर कमेटी को 51 हजार रुपए सौंपते दिनेश कौशिक।

## न तो प्लॉट मिला और न ही मिले रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज

दिल्ली निवासी एक महिला के साथ बहादुरगढ़ इलाके में धोखाधड़ी हुई है। एक डीलर ने उसका प्लॉट बेच दिया और वापस रुपये भी नहीं दिए। पीड़ित महिला ने थक हारकर प्रधानमंत्री कार्यालय और अन्य अधिकारियों को पत्र भेजे तो उसकी शिकायत पर संज्ञान लिया गया है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीड़िता महिला दिल्ली के बापरोला विहार की रहने वाली है। महिला का कहना है कि वह बहुत गरीब है और किराये पर रहती है। जैसे-तैसे रुपयों का जुगाड़ करके शिव कुमार नाम के एक डीलर से 25 गज का प्लॉट लिया था। लेकिन वो प्लॉट शिव कुमार ने किसी और को बेच दिया। फिर उसने बदले में दूसरा प्लॉट दिया लेकिन कुछ समय बाद वो भी किसी को बेच दिया और हमारा पैसा हड़प लिया। जैसे-तैसे चक्कर काटकर उससे हमने इस्सरहेड़ी में एक प्लॉट अपने नाम करवाया और उसके कागजात भी कब्जे में ले लिए। लेकिन कोरोना काल में तबीयत बिगड़ जाने के कारण मुझे रुपयों की जरूरत पड़ी। फिर शिव कुमार से 40 हजार रुपये ब्याज पर लिए और बदले में उसने जमीन के कागजात ले लिए। कुछ समय बाद ब्याज सहित कर्ज की राशि उसे लौटा दी लेकिन उसने हमारी जमीन के कागज नहीं दिए। एक दिन बोला कि जमीन किसी को बेच दी है। हमने रुपये मांगे तो बोला बाद में दे दूंगा। फिर वह किसी मामले में जेल चला गया। वापस आया तो रुपये देने से इंकार कर दिया। इस शिकायत पर अधिकारियों ने संज्ञान लिया। मामला हरियाणा का होने के चलते यहां अधिकारियों के पास यह जांच पहुंची। इसी कड़ी में अब सदर थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। आरोपों की सच्चाई तफ्तीश का विषय है।

## एडमिशन के लिए अब तक आए 170 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। बहादुरगढ़ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिला पाने के लिए अब तक 170 विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। इस आईटीआई की 19 ट्रेड में 708 सीटें हैं। हर साल काफी संख्या में आवेदन आते हैं। नोडल आफिसर वर्ग अनुदेशक नरेंद्र शर्मा की देखरेख में यह पूरी प्रक्रिया चल रही है। विद्यार्थियों की मदद के लिए आईटीआई में हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है। रोजाना काफी विद्यार्थी दाखिला आवेदन संबंधि में मदद प्राप्त करने के लिए यहां आ रहे हैं। प्रिंसिपल गीता सिंह का कहना है कि विभाग की वेबसाइट पर विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी को आवेदन करने में परेशानी होती है तो वे आईटीआई में आ सकते हैं। उनकी सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। आगामी 21 जून तक आवेदन प्रक्रिया जारी रहेगी।



बहादुरगढ़। आईटीआई में बनाए गए हेल्प डेस्क पर पहुंचे विद्यार्थी।

## कोसली बाईपास पर राहगीरों को बांटे तरबूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आम जन विकास सेवा समिति द्वारा मंगलवार को शहर के कोसली बाईपास पर राहगीरों में तरबूज वितरित किया गया। समिति अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया की संस्था द्वारा पिछले पांच वर्षों से अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। गौसेवक जयप्रकाश ठेकेदार ने बताया कि संस्था द्वारा देशी खाद से तैयार तरबूज बांटे गए ताकि लोगो को देशी खाद उपयोग कर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस मौके पर उप सचिव शिवनारायण पूनिया, गगन, मोनू, समीर, लक्ष्य, हर्षित, इशांत सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कोसली बाईपास पर तरबूज बांटते हुए समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### फिर बढ़ने लगी गर्मी, तापमान रहा 44 डिग्री

■ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि होने की आशंका

**झज्जर।** गर्मी ने एक बार फिर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दिन-प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। जिसके कारण जहां जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित हो रखा है, वहीं बाजार का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन रीयल फील इससे ज्यादा ही रहा। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि होने और 16 जून तक हीट वेव चलने का अनुमान लगा रहे है। उधर, भीषण गर्मी के बीच बिजली के लग रहे कटों ने भी लोगों को परेशान किया हुआ है। मंगलवार दोपहर नागरिक अस्पताल में एकाएक बिजली गुल हो गई। जिसके कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानी हुई। हालांकि कुछ ही देर बाद अस्पताल परिसर में बिजली आपूर्ति सुचारू हो जाने पर लोगों को राहत महसूस हुई।

## इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग में युद्धवीर ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली में हुई इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के गांव जाखोदा का युद्धवीर छाया रहा। बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर युद्धवीर ने चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया। उसकी जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। डागर ने कहा कि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास रहेगा। देश के लिए मिस्टर ओलंपिया टाइटल जीतना उसका सपना है। दरअसल, शेरू क्लासिक की ओर से सात से 9 जून तक दिल्ली के प्रगति मैदान में इंटरनेशनल हेल्थ, स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। भारत सहित कई देशों के बॉडी बिल्डरों ने इसमें भाग लिया। गांव जाखोदा के निवासी युद्धवीर ने भी जोर आजमाइश की। युद्धवीर ने बॉडी बिल्डिंग कैटेगिरी में दमखम दिखाया और गोल्ड मेडल हासिल किया। इससे पहले पिछले साल इसी प्रतियोगिता में युद्धवीर ने सिलवर मेडल जीता था। अपने प्रदर्शन को पिछले साल के मुकाबले और बेहतर किया और मेडल का रंग बदला है। उसकी जीत से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों और खेल प्रेमियों ने उसका जोरदार अभिनंदन किया। भाई हरबीर डागर ने कहा कि युद्धवीर बेहद होनहार खिलाड़ी है। तीन बार मिस्टर दिल्ली और एक मिस्टर हरियाणा बन चुका है। शेरू क्लासिक आईएचएफएफ बेहद बड़ी प्रतियोगिता है। इस लेवल तक पहुंचना ही बड़ी बात है और युद्धवीर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार पदक जीतकर पूरे इलाके का मान बढ़ाया है। हमें यकीन है कि एक दिन और भी बड़े स्तर पर देश के लिए पदक जीतेगा। वहीं पदक विजेता युद्धवीर ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिजनों, गुरुजनों को दिया।

## महिला आईटीआई में 7 कोर्स और 176 सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ विभाग की वेबसाइट पर छात्र अपना पंजीकरण करा सकते हैं

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) बहादुरगढ़ में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 7 जून से शुरू हो गई है। आगामी 21 जून तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। विभाग की वेबसाइट पर छात्र अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस बार राजकीय महिला आईटीआई में 7 ट्रेड्स की 176 सीट उपलब्ध हैं। राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ की प्रिंसिपल मायामंती ने बताया इस वर्ष बहादुरगढ़ आईटीआई में प्रथम वर्ष के लिए 7 ट्रेड की 176 सीटों पर दाखिला होगा। इलेक्ट्रोनिक्स मेकेनिक की 24, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी की 24, कोपा की 48, फैशन डिजाइन टैक्नीक की 20, सीविंग टैक्नॉलोजी की 20, ड्रैस मेकिंग की 20 और एसओटी (एम्ब्रॉयड्री) की 20 सीटें हैं। छात्रों को आवेदन करने के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए संस्थान में ही हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है तथा पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। दाखिले व संस्थान की अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। दाखिले के लिए छात्रा को अपने सभी शैक्षणिक (8वीं, 10वीं व 12वीं), आरक्षण, स्थाई निवासी, फैमिली इंकम आदि मूल प्रमाण पत्रों के साथ लेटेस्ट पासपोर्ट साइज फोटो, निजी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट पासबुक और परिवार पहचान पत्र देना होगा। उनके अनुसार आईटीआई में पढ़ाई करने से रोजगार की अपार संभावना रहती है।

### आम नागरिकों से अवैध कॉलोनियों में जमीन न खरीदने की अपील

# जिला नगर योजनाकार विभाग की दो अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़

■ पहले भी डीटीपी की टीम ने इलाके में तोड़फोड़ की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

आचार संहिता हटने के बाद जिला नगर योजनाकार विभाग ने अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को बहादुरगढ़ इलाके में अलग-अलग दो जगहों पर दो अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा चलाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कार्रवाई में किसी तरह का खलल उत्पन्न नहीं हुआ। दरअसल, विभाग को सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ में अलग-अलग जगहों पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इसी के तहत डीटीपी सुमनदीप के दिशा-निर्देश पर एक टीम ने मंगलवार की सुबह सिद्दीपुर में दस्तक दी। यहां ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार की मौजूदगी में तोड़फोड़ की गई। करीब चार एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी में एक स्ट्रक्चर और रोड नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद टीम पीडीएम के निकट पहुंची। यहां करीब डेढ़ एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी में सीसी रोड तोड़ दिया गया। चंद दिनों पहले भी डीटीपी की टीम ने बहादुरगढ़ इलाके में तोड़फोड़ की थी। अधिकारियों ने कॉलोनाइजरों को जहां चेतावनी दी है, वहीं आम नागरिकों से अवैध कॉलोनियों में जमीन न खरीदने की अपील की है।





बहादुरगढ़। अवैध कॉलोनी में निर्माण को गिराती जेसीबी तथा अवैध कॉलोनी में बने रोड को उखाड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### महावीर अवार्ड के लिए आवदेन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई

**बेरी।** एसडीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन द्वारा चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में पुरस्कार महावीर दिए जाने हैं, जिनमें प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को दस लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क पर खड़ी एक्सीडेंटल गाड़ी के टायर चोरी

**रेवाड़ी।** एक्सीडेंट होने के बाद सड़क पर खड़ी गाड़ी के दो टायर व स्टेपनी चोरी हो गई। गांव रोहड़ाई निवासी रामबीर की कार का 9 जून की रात लाला गांव के पास ट्रक एक्सीडेंट हो गया था, जिससे कार चलने की हालात में नहीं थी। पुलिस ने गाड़ी को मामले में हैंडओवर कर दिया था। साधन का प्रबंध नहीं होने पर वह गाड़ी को नहीं ले जा सका। 10 जून को जब वह गाड़ी को लेन गया तो उसके दो टायर व स्टेपनी गायब थे।

### बेरली खुर्द के होटल से सामान चोरी

**जाटूसाना।** कोसली-रेवाड़ी रोड पर बेरली खुर्द में स्थित होटल की दीवार तोड़कर चोर चोरी कर ले गए। गांव निवासी प्रकाश ने बेरली खुर्द नहर के पास होटल किया हुआ है। रात के समय चोर होटल की दीवार तोड़कर ठंडे पेय पदार्थ की पेटियां व खाने के सामन के पैकेट चोरी कर ले गए।

### गांव से तीन वाहनों के टायर व बैटरी चोरी

**रेवाड़ी।** गांव बालावास अहीर में चोरी कार के टायर तथा ट्रैक्टर व कैंटर की बैट्री चोरी कर ले गए। गांव बालावास अहीर निवासी सतमीश कुमार, महेन्द्रपाल व महाबीर ने रामपुरा थाना पुलिस को दी शिकायत में 9 जून की रात चोर मकान के बाहर खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार के पिछले दो टायर, ट्रैक्टर की बैट्री व कैंटर की बैट्री चुरा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मालिक की आंखों के सामने बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर कॉलोनी में चोर बाइक चुरा ले गए। कॉलोनी निवासी अंकुर काकरान ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून की रात करीब 2:50 बजे वह शोर शराबा सुनकर घर से बाहर आया तो घर की गैलरी में खड़ी उसकी बाइक को चोर ले जा रहे थे।

अधिकारियों के समस्याओं का निर्धारित समय में निराकरण करने के निर्देश दिए

# समाधान शिविर के दूसरे दिन समस्याएं लेकर पहुंचे 60 लोग

■ समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्परता से कार्रवाई कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

समाधान शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में डीसीपी अर्पित जैन भी मौजूद रहे व आमजन की समस्याओं की सुनवाई की। करीब 60 शिकायतों पर इस दौरान सुनवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निर्धारित समय में निराकरण करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि प्रतिदिन इन शिविरों में जिला प्रशासन, पुलिस, राजस्व, नगर निगम अथवा नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्परता से कार्रवाई कर रहा है। सरकारी विभागों से संबंधित जो भी समस्याएं संज्ञान में आती हैं, उनका हर हाल में समाधान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।



झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

# बलिदान दिवस पर किया गुरु अर्जुनदेव को याद


झज्जर। श्रीसुखमणि साहब का पाठ के दौरान मौजूद श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सिखों के पांचवें गुरु अर्जुनदेव का बलिदान दिवस पंचायती गुरुद्वारा में बड़ी श्रद्धा से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीसुखमणि साहब का पाठ भजन कीर्तन किया। अरदास के बाद शुरू हुई छबील सेवा के दौरान सेवादारों ने राहगीरों को रोक-रोक कर शरबत पिलाया गया। पंचायती गुरुद्वारा के प्रमुख प्रबंधक विनीत पोपली व अंकुर खुराना ने कहा कि गर्मी के मौसम में सामूहिक रूप से मिलकर लोगों को मीठा पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। गुरु अर्जुनदेव को आधात्मिक जगत में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, उन्हें ब्रह्मज्ञानी भी कहा जाता है। वे सिख धर्म के रक्षक और मानवता के सच्चे प्रेमी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में व्यतीत किया। शहीदी की शुरूआत गुरु अर्जुनदेव से हुई और सिख धर्म के गुरु साहिब पहले शहीद बने। उन्होंने लोगों को हर समय वाहेगुरु के नाम का सिमरन करने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। स्वागत समारोह में पर्वतारोही राकेश कुमार कादियान का अभिनंदन करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### पर्वतारोही राकेश का सिवाना पहुंचने पर स्वागत

**झज्जर।** संसार की दुर्गम चोटी माउंट एवरेस्ट व माउंट ल्होत्से पर तिरंगा फहराने वाले पर्वतारोही राकेश कुमार कादियान का मंगलवार को उनके पैतक गांव सिवाना पहुंचने पर स्वागत किया गया। राकेश कुमार कादियान के सम्मान में ग्रामीण उसे लेने के लिए बेरी के पहुंचे जहां से उन्हें ट्रैक्टर व गाड़ियों के काफिले के साथ ढोल नंगाड़ों की धुनों पर नाचते गाते हुए समारोह स्थल तक लाया गया। राकेश कुमार कादियान ने अपनी लग्न एवं कठोर परिश्रम से माउंट एवरेस्ट व माउंट ल्होत्से जैसी दुर्गम चोटियों पर तिरंगा फहराकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर डॉक्टर अजय कुमार कादियान, कुलबीर सिंह हुड्डा, नीलम अहलावत, जिला पार्षद कृष्ण फोर्ड, धनखड़ खाप प्रधान युद्धवीर सिंह, जाखड़ खाप प्रधान कश्मीर, बिरोहड़ बारह प्रधान कपूर सिंह, राठी खाप प्रधान सोमवीर, गुलिया खाप से विनोद, दादा डोभा मंदिर कमेटी प्रधान श्रीभगवान कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# दूबलधन गांव में लेफ्टिनेंट सचिन कौशिक का किया सम्मान

■ राजपाल कादियान ने ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की


हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को दूबलधन गांव में भारतीय नौ सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित सचिन कौशिक का स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में कादियान खाप के प्रधान राजपाल कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि वहीं ब्राह्मण महासभा झज्जर के प्रधान पंडित राज शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान अपने संबोधन में राजपाल कादियान ने ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की और विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं सम्मान समारोह में ब्राह्मण महासभा झज्जर के महासचिव संत सुरेहती, उपप्रधान रविंद्र कौशिक, सरपंच जितेंद्र, सरपंच जगपाल कादियान, सरपंच राजकुमार, प्रशांत कादियान, बेरी ब्राह्मण सभा के प्रधान राजेंद्र शर्मा, पूर्व चेयरमैन मनीष शर्मा, कॉआपरेटिव बैंकी की चेयरपर्सन नीलम अहलावत, डॉक्टर सुनील कादियान, राजेंद्र शर्मा, रेणुका शर्मा, महर्षि दुर्वासा समिति की पूर्ण कमेटी सदस्य, बाबा टूटा की पूर्ण कमेटी, बाबा सिद्ध की पूर्ण कमेटी, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, मंगतराम आदि गणमान्य लोगो ने लेफ्टिनेंट सचिन कौशिक को सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच संचालन एडवोकेट आशा राम और अजय कादियान ने किया और अतिथियों का पगड़ी बांधकर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। लेफ्टिनेंट पद पर चयनित सचिन कौशिक ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी होती है। सच्ची लगन व मेहनत से हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकता है।


झज्जर। नवनियुक्त लेफ्टिनेंट सचिन कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए प्रबुद्धजन। फोटो :हरिभूमि

# जिले भर में 114 स्थानों पर की गई नाकाबंदी

## 67 वाहनों के किए चालान


झज्जर। सीलिंग प्लान के तहत वाहन की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा सोमवार देर रात तक सीलिंग प्लान के तहत चिन्हित स्थानों पर नाकाबंदी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि जिला भर में 114 स्थानों पर विशेष नाके लगाते हुए वाहनों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त चैकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट लगे व ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर विशेष निगाह रखी गई। चैकिंग के दौरान यातायात नियमों की अवेलहना करने वाले 67 वाहनों के चालान किए गए। जिनमें पांच बिना नंबर प्लेट गाड़ी के चालान शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यह अभियान जिला के आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी घटना दुर्घटना से निपटने को ध्यान में रखते हुए चलाया गया।

# छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

■ दुकानदारों द्वारा राहगीरों में कढ़ी चावल का प्रसाद बांटा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

झुलसाती गर्मी के बीच प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेय पिलाकर राहत दिलाने का सिलसिला शहर में जारी है। मंगलवार को शहर के पुराना बस स्टैंड रोड पर गिरीराज मार्केट के सामने तथा छिक्कारा चौक पर जहां दुकानदारों द्वारा राहगीरों में कढ़ी चावल का प्रसाद बांटा गया वहीं पुराना बस स्टैंड के सामने युवतियों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। छिक्कारा चौक पर कढ़ी चावल के प्रसाद वितरण के दौरान सेवाएं दे रहे मास्टर अनिल कुमार, सुमित मामोड़िया, कुलदीप पंघाल, काले, साहिल, अशोक, हर्ष गोस्वामी, आकाश किन्हा, लाला, हेमंत, अनिल मास्टर व गौरव गंगा ने बताया कि उन्होंने बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत देने के उद्देश्य से स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरित किया है।

इस दौरान अपने स्तर पर सहयोग राशि एकत्रित कर यह कार्य करने का निर्णय लिया। उधर, पुराना बस स्टैंड के सामने राहगीरों व वाहन चालकों को मीठा पानी वितरित करने वाली मोनिका राठौर, साधना, सुजाता, मुस्कान, साक्षी, मुन्नू आदि ने बताया कि निर्जला एकादशी पर तो बहुत से लोगों द्वारा छबील लगाई जाती है लेकिन आम दिनों में भी तपती दोहपर में प्यास से बेहाल लोग पानी की तलाश करते हुए दिखाई देते हैं। इस कारण लोगों को राहत दिलाने के लिए उन्होंने भी छबील लगाई है।


झज्जर। पुराना बस स्टैंड परिसर के सामने छबील लगाकर राहगीरों को शरबत वितरित करती युवतियां। फोटो :हरिभूमि

### जगन्नाथ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय योग कार्यशाला व विचार गोष्ठी संपन्न

**झज्जर।** हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग द्वारा कबलाना स्थित जगन्नाथ युनिवर्सिटी में दो दिवसीय योग कार्यशाला व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पहले दिन जहां योग विशेषज्ञ आचार्य बलदेव व योग सहायक आचार्य गौतम द्वारा विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल कराया गया वहीं विभिन्न आसनों व प्राणायामों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान योग इंस्ट्रेक्टर प्रदीप कुमार ने भी विद्यार्थियों को योग की महत्ता से अवगत कराया। दूसरे दिन हरियाणा योग आयोग के सदस्य मदन मानव मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में उन्होंने विद्यार्थियों के साथ खान-पान, प्राकृतिक चिकित्सा व जीवन चर्या के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा व योग को संगम को ठीक से समझाते हुए इनसे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की भी जानकारी दी। इस मौके पर प्रोफेसर पूनम वीना भट्टाचार्य ने मुख्यातिथियों का आभार जताते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।


झज्जर। समापन कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच मौजूद योगाचार्य बलदेव। फोटो :हरिभूमि

# मोबाइल व नकदी छीनने के मामले के दो आरोपी काबू


झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

■ आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा मोबाइल व नकदी छीनने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना प्रभारी कृष्णकांत ने बताया कि देवेंद्र निवासी रेढूवास जिला झज्जर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में बताया गया था कि बीते दस जून की रात को वह अपने गांव से गिरावड़ स्थित ईंट-भट्ठा पर अपनी बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते गांव रईया के नजदीक बाइक सवार दो युवकों ने उसकी मोटरसाईकिल को रूकवाते हुए मोबाइल फोन व दो हजार रुपये छीन लिए। उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को शहर के बेरी गेट क्षेत्र से पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मंजीत निवासी शिव कॉलोनी झज्जर और पुनीत निवासी समसपुर माजरा जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल, छीना गया मोबाइल फोन व दो हजार रुपये बरामद किए गए है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**कार्यक्रम** — अभियान में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ आमजन की भागीदारी होना आवश्यक

# एनीमिया मुक्त अभियान का आगाज, शिविर लगाकर की जाएगी रक्त जांच

■ स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी में पिंक बैलून छोड़ कर एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को एक सौ दिवसीय एनीमिया मुक्त अभियान का आगाज किया गया। स्थानीय नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग हाल में जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह द्वारा की गई। इस दौरान अपने संबोधन में सीएमओ ने कहा कि छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों तक के शरीर में खून की कमी पाई जाती है। इस एनीमिया जैसी घातक बीमारी के प्रति आमजन को जागरुक होना पड़ेगा। सरकार द्वारा अनीमिया के प्रति लोगों को जागरुक करने तथा लोगों को इस बीमारी से बचाने के उद्देश्य से एक सौ दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ आमजन की भागीदारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर भूपेश ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले में प्रत्येक व्यक्ति के खून की जांच की जाएगी। वहीं जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने लोगों को बाहरी खान-पान से दूर रहने, समय-समय पर काउंसलिंग कराने तथा खून की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोली का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी में पिंक बैलून छोड़ कर एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ.बसंत दूबे, एसएमओ डॉ. गुरजीत सिद्धू, डॉक्टर निधि, डॉ. राशि, डीपीएम सुनीता अरोड़ा, पंकज, अमन, डॉक्टर संदीप त्रिखा, डॉ. सुनीता, सीएचसी डीघल इंचार्ज डॉक्टर सत्यपाल व डॉ. शशि सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। पिंक बैलून छोड़ कर एनीमिया मुक्त अभियान का आगाज करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

# बैंक खाता संबंधित जानकारी किसी के साथ न करें साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध के प्रति बचाव को लेकर सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थानों व निजी कंपनियों में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि लोगों को एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करना चाहिए। किसी अंजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। किसी अंजान नंबर से आने वाली वीडियोकॉल का उत्तर नहीं देना चाहिए और न ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर करनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपने आपको बैंक का अधिकारी या प्रतिनिधि बताकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकरी जैसे बैंक खाता नंबर, क्रेडिट,डेबिट कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि मांगता है तो उस व्यक्ति के साथ उक्त जानकारी सांझा नहीं करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित ट्रक ने तोड़े बिजली के पोल

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में एक अनियंत्रित ट्रक बिजली के खंभों से टकरा गया। इस दुर्घटना में कई पोल और तारें टूट गई। सूचना पाकर बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। इस दुर्घटना में बिजली निगम को करीब सवा दो लाख रुपये की हानि हुई है। वहीं गांव में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। रातभर बिजली कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे रहे। वहीं, ग्रामीणों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। इस संबंध में बिजली निगम के अधिकारियों ने बादली थाने में शिकायत दे दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीएम से की अनावश्यक पोर्टल बंद करने की मांग

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर जनता को परेशान करने वाले अनावश्यक पोर्टल बंद करने की मांग की है। उन्होंने सभी पेंशन फार्म ऑफलाइन भरने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद से एनडीसी लेने की शर्त भी खत्म की जाए और पीपीपी की त्रुटिओं को भी सहजता से ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक पोर्टलों के कारण जनता ने परेशान होकर लोकसभा चुनाव में मतदान किया।

### ट्रक ने दो गाड़ियों को मारी टक्कर

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर एक रफ्तारी ट्रक दो गाड़ियों से टकरा गया। इस हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दे दी है। गाजियाबाद के निवासी मंजीत का कहना है कि सोमवार को वह पंजाब से लौट रहा था। जब जाखोदा किसान चौक के निकट पहुंचा तो आगे पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस को देखकर हमने गाड़ी की गति धीमी कर ली। इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रक ने मेरी गाड़ी में टक्कर मार दी। इसके बाद उसने एक बलेनो गाड़ी में टक्कर मार दी। मेरी गाड़ी में पूरा परिवार था। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई लेकिन गाड़ियों को बहुत नुकसान हुआ है। वहीं, सेक्टर-16 चौकी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

*12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष*

# मासूमों को मजदूरी के श्राप से दिलाओ मुक्ति, कठोर नियम बनाने के साथ ही उन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। सरकार द्वारा बाल श्रम को गैरकानूनी घोषित किए जाने के बावजूद बहादुरगढ़ में बाल श्रमिकों की संख्या सैकड़ों में है।

- बाल श्रम की कुप्रथा पर रोक नहीं लग पा रही

बाल श्रमिकों के उत्थान की योजनाएं भी उनका उद्धार नहीं कर पा रही हैं। आजादी के 77 साल बाद भी मासूमों को मजदूरी के श्राप से मुक्ति नहीं मिल पाना चिंताजनक है। बता दें कि कानूनी तौर पर बाल श्रम प्रतिबंधित है। फिर भी बाल श्रम की कुप्रथा पर रोक नहीं लग पा रही है। पूरे देश में 23 दिसंबर 1986 को बाल श्रम निषेध अधिनियम लागू किया गया था। इसकी अवमानना करने वाले को तीन से बारह माह तक का कारावास या दस हजार से बीस हजार रुपये तक का अर्थदंड अथवा दोनों सजाएं एक साथ दी जा सकती हैं। लेकिन दंड का प्रावधान भी लोगों को बाल श्रम से विमुख नहीं कर सका है। दरअसल, सस्ती लेबर के लालच में सेवायोजक उनका मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं।

इस पर निगरानी करने और अंकुश लगाने के लिए जवाबदेह श्रम विभाग कुंभकर्णी नींद सो रहा है। बीते दिनों हुई कुछ कार्रवाई के बावजूद बहादुरगढ़ में बाल श्रमिकों की संख्या कम नहीं हो पा रही है।


बहादुरगढ़। पेट भरने के लिए खतरनाक करतब करती एक बच्ची का फाइल फोटो।

### रेहड़ी से भट्ठों तक

क्षेत्र में स्थित ईंट-भट्ठों में यूं तो परिवार के परिवार काम करते हैं, पर कच्ची ईंटों को खड़ा करने की जिम्मेदारी महिलाओं के साथ बच्चों की होती है। बाल श्रमिकों की बड़ी आबादी ढाबों, रेहड़ी व खोकों पर काम करते हुए दिखाई देती है। ज्यादातर बच्चों को बर्तन साफ करने, आर्डर लाने व डिलीवरी जैसे कायारें में लगाया जाता है। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में भी सैकड़ों बाल श्रमिकों का शोषण होना आम बात है।

### हालात नहीं सुधरे



देश में कारखाना अधिनियम 1948 लागू है। इसकी धारा 67 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कारखानों में काम नहीं कराया जा सकता। इसके बावजूद गरीब परिवारों के बच्चे पेट की आग बुझाने के लिए खतरनाक कामों से भी नहीं चूक रहे हैं। बाल श्रम प्रतिबंधित होने और बाल श्रमिकों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाने के बाद भी हालात नहीं सुधरे।

- अधिवक्ता अल्का दलाल

### कदम उठाने के निर्देश



सुप्रीम कोर्ट ने दस दिसंबर 1996 को बाल श्रम पर प्रतिबंध लगा दिया। केंद्र व राज्य सरकारों को भी इसकी रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए। सरकार ने भी बाल श्रम विभाग की स्थापना की। बाल श्रम पाए जाने पर सेवायोजक पर जुर्माने या सजा या दोनों का प्रावधान होने के बावजूद कड़वी सच्चाई है कि श्रम विभाग सेवायोजकों पर कम ही हाथ डालता है।

- अधिवक्ता रोली पाठक

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव कुलाना में मोटरसाइकिल पर सामान लेने के लिए जा रहे पिता-पुत्र को एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जहां पिता की मौत हो गई वहीं पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल पुत्र को उपचार के लिए रेवाड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कुलाना गांव निवासी करीब पचास वर्षीय राज सिंह उर्फ पिंटू के तौर पर हुई है।

- हादसे में पुत्र गंभीर रूप से घायल

परिजनों के अनुसार राज सिंह उर्फ पिंटू सोमवार की शाम अपने पुत्र घनश्याम के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर घरेलू सामान के लिए घर से निकला था। जब वे मुख्य सड़क पर पहुंचे तो उन्हें एक तेज रफ्तार गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता-पुत्र दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद राहगीरों की सहायता से राज सिंह उर्फ पिंटू को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल घनश्याम को उपचार के लिए रेवाड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतक राजसिंह उर्फ पिंटू खेतीबाड़ी का कार्य करता था।


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

### मृतक के भाई की शिकायत पर केस

पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में मृतक के भाई मनोज कुमार पुत्र सूरजभान ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब पांच बजे जब वह अपने चचेरे भाई महेश के साथ गांव के शिव मंदिर परिसर में पानी लेने के लिए गए थे। उसी दौरान उसका भाई राजसिंह उर्फ पिंटू व घनश्याम बाइक पर कुलाना चौक पर सामान लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान माछरौली की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों वाहन सड़क के साथ लगते गड्ढे.में जा गिरे। गााड़ी में तीन व्यक्ति तथा एक महिला सवार थे। वे ग्रामीणों की मदद से अपने भाई को गंभीर हालत में स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके भतीजे घनश्याम को दूसरी गाड़ी में परिजन रेवाड़ी के अस्पताल ले गए। जब उन्होंने गाड़ी चालक से उसका नाम पूछा तो उसकी पहचान रेवाड़ी निवासी पंकज गुप्ता के तौर पर की गई।

# बाढ़ से बचने के लिए ड्रेनों की सफाई में जुटा सिंचाई विभाग

## बहादुरगढ़ में बरसाती व गंदे पानी निकासी के लिए 10 बड़ी ड्रेनों की सफाई 30 जून तक करवाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गर्मी से जूझ रहे लोग जहां प्री-मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं बरसाती सीजन में बाढ़ से बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने ड्रेनों की सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। इससे बहादुरगढ़ के कई गांवों में जलभराव से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि 30 जून से पहले सभी ड्रेनों की सफाई करवा दी जाएगी। ताकि बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके।

- ड्रेनों की सफाई पर विभाग लाखों रुपए खर्च करेगा

बता दें कि बहादुरगढ़ में बरसाती व गंदे पानी निकासी के लिए 10 बड़ी ड्रेनें बनाई गई हैं। सिंचाई विभाग द्वारा इन ड्रेनों की सफाई पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ड्रेनों की खुदाई का कार्य मनरेगा व विभाग अपने स्तर पर जेसीबी आदि लगाकर कर रहा है। गौरतलब है कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हर साल खेतों में बारिश का पानी भर जाने से किसानों की फसलों में बहुत अधिक नुकसान हुआ था। गांव छुड़ानी, खरमाण, मांडोठी, टांडाहेड़ी, छारा, डाबोदा, गंगड़वा और लुक्सर आदि गांवों में हजारों एकड़ में फसलें खराब हुई थीं। किसान अजीत सिंह, बलजीत जून, रामनिवास, राजेश दलाल, मोनू सांगवान, बिजेंद्र, कमल सहरावत व सुरेश दलाल आदि ने सरकार व सिंचाई विभाग से अनुरोध किया है कि बरसात से पहले सभी ड्रेन-नालों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। विभागीय अधिकारियों ने बीते दिनों ड्रेनों का सर्वे किया था, जिनमें कई में झाड़ियां व घास के साथ ही जलखुंभी उगी मिली। कुछ ड्रेनों में पटरी से कटाव के चलते मिट्टी जमा हो चुकी है। इसी के मद्देनजर सिंचाई विभाग द्वारा केसीबी ड्रेन, बराही लिंक ड्रेन, आसौदा पंप हाउस ड्रेन, मांडोठी, कसार, पीपी लिंक ड्रेन, डाबोदा-मांडोठी लिंक ड्रेन समेत 10 बड़ी ड्रेनों की सफाई का काम करवाया जा रहा है। विभाग ने 30 जून से पहले उपमंडल के विभिन्न गांवों से गुजरने वाली इन 10 ड्रेनों की सफाई करवाने का लक्ष्य रखा है। ड्रेनों की सफाई पर विभाग लाखों रुपए खर्च करेगा। ताकि बारिश के दौरान खेतों में पानी भरने से किसानों की फसलें खराब न हों।


बहादुरगढ़। केसीबी ड्रेन में जमा गाद, घास व जलखुंभी।

### विभाग अपने स्तर पर कार्य कराने में जुटा

ड्रेनों की सफाई कराने को लेकर विभाग सक्रिय है, ताकि बारिश के पानी की निकासी त्वरित हो सके। बहादुरगढ़ की बड़ी 10 ड्रेनों की सफाई का कार्य 30 जून से पहले कराया जाएगा। इसके लिए मनरेगा के तहत तथा विभाग अपने स्तर पर भी कार्य कराने में जुटा है। ताकि जून-जुलाई में शुरू होने वाले बारिश के मौसम में इस बार जलभराव से फसलें खराब न हों।

- ईशान सिंह सिवाच, कार्यकारी अभियंता, सिंचाई विभाग

### डीसी ने बरसात के दिनों में पानी निकासी के लिए तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश




झज्जर : आगामी बरसाती सीजन को देखते हुए बाढ़ से बचाव को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी 30 जून तक सभी ड्रेनों व तालाबों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर की वीसी के उपरांत अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि ड्रेनों की सफाई के अलावा बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करते हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए, ताकि संभावित बरसाती पानी के खड़े होने की समस्या से आमजन को पूरी तरह से निजात मिल सके। उन्होंने पानी निकासी को लेकर पंप सैट के लिए शॉर्ट टर्म बिजली कनेक्शन जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा ट्रैक्टर आधारित पंपों की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में सभी नालों की सफाई के कार्य को दुरुस्त रखें।

# मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बरहाणा में मानसिक रूप से परेशान एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान करीब 32 वर्षीय सुरेश उर्फ जोनी पुत्र वेदपाल के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक अविवाहित था तथा बेरोजगार होने के चलते मानसिक रूप से परेशान था। सोमवार की शाम करीब साढे. सात बजे उसने अपने घर के स्टोर रूम में फांसी का फंदा लगा लिया। मृतक के भाई नरेश के बयानों के आधार पर इत्तेफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# स्टेशनरी की दुकानों पर बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्कूलों में चल रहे ग्रीष्मावकाश के दौरान शहर में स्टेशनरी दुकानों पर रौनक देखने को मिल रही है। विद्यार्थी हॉली-डे होमवर्क के लिए विभिन्न तरह के स्टेशनरी आइटम खरीद रहे हैं। चूंकि इस दौरान विद्यार्थियों को स्कूलों से छुट्टियों के होमवर्क व प्रोजेक्ट दिए जाते हैं। ऐसे में इन दुकानों पर विभिन्न चीजों की बिक्री 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

- विद्यार्थी हॉली-डे होमवर्क के लिए खरीद रहे विभिन्न तरह के स्टेशनरी आइटम

बता दें कि इन दिनों बुक शॉप्स और स्टेशनरी की दुकानों पर चार्ट, कलर, क्रेयोंस, पेंसिल, पेंटिंग के लिए रंग, बने बनाए मॉडल, विभिन्न तरह की तस्वीरें, कलर्ड पेपर, ग्लेज पेपर, रंगीन पेपर, ग्लिटर पेपर, फ्लोरसेंट पेपर के अलावा ग्लू व कार्ड बोर्ड जैसी चीजों की जबरदस्त बिक्री हो रही है। प्यारा सिंह एंड संस के संचालक रवि कुमार का कहना है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान बिक्री बढ़ जाती है। क्योंकि विद्यार्थी छुट्टियों में हॉली-डे होमवर्क करते हैं। उनके मुताबिक इस दौरान हर क्लास के विद्यार्थियों की डिमांड अलग-अलग होती है और बदलते वक्त में स्टेशनरी का स्वरूप भी व्यापक हो गया है। अब कई तरह के रेडीमेड आइटम भी लोग मंगवाते हैं। ऐसे में छुट्टियां शुरू होने के साथ ही इन चीजों की बिक्री में उछाल आ जाता है। मित्तल बुक डिपो के संचालक सचिन के मुताबिक इस दौरान दिन भर विद्यार्थियों व अभिभावकों का तांता लगा रहता है। उनके अनुसार गर्मी की छुट्टियों में प्रोजेक्ट से संबंधित सामान की मांग अधिक रहती है। ज्यादातर विद्यार्थी स्टेशनरी आइटम को अलग-अलग ले जाकर अपना प्रोजेक्ट बनाते हैं।


बहादुरगढ़। स्टेशनरी शॉप पर खरीदारी में जुटे विद्यार्थी व अभिभावक।

# पदक विजेता वेट लिफ्टरों का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इंडियन आइकॉन एशियन स्पोर्टस फेडरेशन द्वारा दिल्ली के उत्तम नगर के शिव विहार में आयोजित बैंच प्रेस प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के कई खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। पदक विजेताओं का भारतीय शैली कुश्ती संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र राठी ने स्वागत किया और उन्हें जीत के लिए बधाई दी।

- दिल्ली के उत्तम नगर के शिव विहार में आयोजित बैंच प्रेस प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के खिलाड़ी छाए रहे

कोच बजरंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें गौरव ने 57 किलोग्राम में 140 किलोग्राम, साहिल ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में 145 किलोग्राम, बजरंगी ने 73 किलोग्राम भार वर्ग में 220 किलोग्राम, शुभम ने 73 किलोग्राम में 150 किलोग्राम, नंदन ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में 150 किलोग्राम की बैंच लगाकर मेडल जीते। युवा इनेलो नेता जितेंद्र राठी ने सभी विजेताओं को जीत की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। राज्य में इनेलो की सरकार बनने के बाद खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी, ताकि सुविधाओं के अभाव में कोई भी खिलाड़ी आगे बढ़ने से वंचित न रह सके। जितेंद्र राठी ने सभी खिलाड़यिों को सम्मानित किया और भवष्यि में भी इसी प्रकार शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सागर राठी, अनुराग शर्मा, अमित चौधरी, धीरज सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। पार्षद जितेंद्र राठी के साथ विजेता खिलाड़ी।

# संस्कारम विवि के लॉ कॉलेज में हुआ मूट कोर्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को संस्कारम विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का उद्घाटन न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाअधिवक्ता (पंजाब) अमरदीप सिंह सुखीजा,अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश फकरुद्दीन,चांसलर संस्कारम विवि डॉ. महिपाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार शर्मा, सीजीएम अरविंद कुमार बंसल, एसीपी अनिल कुमार, प्रवीन त्यागी अधिवक्ता सलाहकार रेल मंत्रालय, दीपिका खन्ना संयुक्त सचिव, अमरजीत यादव, देवेंद्र यादव, हर्षवर्धन मलिक, दीपक गोयल, विनोद कटारिया,करन सिंह ग्रेवाल, जितेंद्र सैनी व बार एसोसिएशन रोहतक, गुरुग्राम , झज्जर , रेवाड़ी के अधिवक्ता, संकाय सदस्य एवं विवि के छात्र भी उपस्थित रहे। संस्कारम विवि ने अपने विधि विभाग के छात्रों के लिए एक अत्याधुनिक मूट कोर्ट की स्थापना की है। यह मूट कोर्ट छात्रों को वास्तविक अदालती माहौल में अभ्यास करने और अपने कौशल को निखारने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। माननीय न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा ने अपने संबोधन में कहा कि मूट कोर्ट विधि शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। यह छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में लागू करने का मौका देता है। मुझे विश्वास है की संस्कारम विश्वविद्यालय का यह मूट कोर्ट छात्रों को उत्कृष्ट अधिवक्ता बनने में मदद करेगा। वहीं संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय हमेशा से ही छात्रों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करता आ रहा है। यह मूट कोर्ट हमारे इसी प्रयास का एक हिस्सा है।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा, चांसलर डॉक्टर महिपाल एवं अन्य।

# ट्राले की चपेट में आने से महिला की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार सांय क्षेत्र के गांव मारौत-भिंडावास मार्ग पर तेज गति से आ रहे ट्राले ने बुजुर्ग महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक महिला की पहचान करीब 70 वर्षीय ओमपती पत्नी रामनिवास के तौर पर की गई है।

बताया जा रहा है कि बुजर्ग महिला अपने घर से प्लॉट की ओर जा रही थी। इस दौरान यह दुर्घटना हो गई। पुलिस द्वारा बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।


झज्जर। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी लेती हुए